
# स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्ति और जनसेवा है-सोलंकी

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत युवाओं ने लिया स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएंगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा।

उक्त विचार डीआरपी लाईन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने व्यक्त किए।



श्री सोलंकी ने कहां कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों को सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है।

इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और श्रीमती बरखा ने भी संबोधित कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

### स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए गए।

**रंगोली निर्माण भी जारी**

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। अवन्तिका

---

### स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका दर्पण –पृष्ठ 09 ...दिनांक 16/02/...2021

# प्रदेश में निर्मित 01 लाख आवासों का गृह प्रवेशम् कार्यक्रम 16 फरवरी को

रतलाम । प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश में निर्मित 01 लाख आवासों का गृह प्रवेशम् कार्यक्रम 16 फरवरी 2021 प्रातः 11 बजे मिन्टो होल भोपाल से वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा, जिसके लिये समस्त जिलों द्वारा निर्मित आवासों के गृह प्रवेशम् के लिये आवश्यक मापदण्ड की तैयारी अपेक्षित है।

जारी आदेशानुसार जिले पोर्टल पर पूर्ण सभी आवासों की जनपदवार, ग्राम पंचायतवार, ग्रामवार, हितग्राहवार सूची बनाकर गृह प्रवेशम् के लिए आवश्यक तैयारी करे। प्रत्येक जिले में पीएमएवायजी के पंजीकृत समस्त हितग्राहियों का कार्यक्रम हेतु पंजीयन कराया जाये तथा समस्त हितग्राहियों को उक्त कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना एम.एम.एस. व अन्य माध्यम से देना सुनिश्चित किया जायें। जिले की समस्त पंचायतों को कार्यक्रम हेतु लाईव कनेक्ट किया जाये। सभी जिला पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय तथा समृद्ध पर्यावास से संलग्न विभागों को इस कार्यक्रम से कनेक्ट किया जाये।

जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के ट्वीटर हेन्डल, फेसबुक पेज पर व सोशल मीडिया के अन्य प्लेट फार्मस में कार्यक्रम का कैम्पेन चलाते हुये व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाये। जनसंपर्क अधिकारी के माध्यम से इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया कैम्पेन चलाया जाये। ट्वीटर हेन्डल, फेसबुक पेज पर भी इसका प्रचार-प्रसार किया जाये। जिले के त्रि-स्तरीय पंचायतों के सभी अधिकारी/कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं पटवारी आदि को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाये।

उक्त तिथि को प्रत्येक जिले में पूर्ण हुये आवासो के 05 हितग्राहियों को जिला सूचना केन्द्र (एनआईसी) बुलाया जाये, जिनमें 01 महिला, कम से कम एक हितग्राही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। यथासंभव इन 05 हितग्राहियों में कम से कम एक प्रवासी श्रमिक हो। गृह प्रवेशम् के कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। गृह प्रवेशम् कायक्रम में सम्मिलित प्रत्येक आवास के लिए निर्धारित सभी पैरामीटर में पूर्ण हो व इन आवासों का भौतिक सत्यापन करवाया जाए। इनमें विसंगति पाये जाने पर सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। गृह प्रवेशम कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुये मास्क लगाना, आवश्यकतानुसार सेनेटाईजर का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाये। अतः उक्त बिन्दुओं का कड़ाई से पालन किया जाये।

# आज 1 लाख परिवारों का गृह प्रवेशम्

## गृहमंत्री व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

भोपाल ● 15 फरवरी (ब्यूरो) प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निर्मित एक लाख नवीन आवासों में हितग्राहियों को एक साथ गृह प्रवेश करवाया जाएगा। मंगलवार 16 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गृह प्रवेशम् कार्यक्रम में हितग्राहियों के नवीन आवासों का ऑनलाइन लोकार्पण करेंगे। मिंटो हॉल भोपाल में प्रातः 11 बजे गृह प्रवेशम् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री श्री चौहान आवास हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसौदिया और पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल भी शामिल होंगे।

## किसानों के लिए दिन में 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी

**चाय पर चर्चा**

भोपाल ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से आज निवास पर पर्यावरण और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने चाय पर चर्चा की और विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया। मंत्री श्री डंग ने मुख्यमंत्री चौहान को बताया कि किसानों को कुसुम योजना के अंतर्गत विद्युत उत्पादन के प्रावधानों का लाभ दिलवाया जा रहा है। यह क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है। व्यापक रूप से योजना लागू होने पर इसमें किसान को जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली मिलेगी, वहीं विद्युत के स्टोरेज की व्यवस्था होने से अतिरिक्त उत्पादन की राशि किसान के खाते में जाएगी। पारेषण की हानि को रोकने में सफलता मिलेगी। इससे जहां सरकार का भी लाभ होगा, वहीं किसान को दिन के समय में 10 घंटे लाइट की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

■ **9 निकायों को 27 करोड़ 53 लाख आवंटित-** उधर विशेष निधि के अंतर्गत 9 नगरीय निकायों को विभिन्न कार्यों के लिए 27 करोड़ 53 लाख 32 हजार रुपए आवंटित किए गए हैं। स्वीकृत राशि से सीसी रोड, आरसीसी नाली, अधोसंरचना विकास, पेयजल पाइप लाइन, श्मशान शेड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, हैण्डपम्प खनन, सेप्टेज प्रबंधन, आधुनिक जिम का निर्माण सहित अनेक कार्य करवाये जाएंगे।



## यूं ही रोशन रहे हमारा रतलाम

शहर के छत्रीपुल पर ऐतिहासिक धरोहर के स्वरूप में बनाई गई छत्रियां रतलाम के इतिहास की यादों को अपने में समेटे हैं। रोशनी से सराबोर इन छत्रियों पर फैला उजास शहर का विकास दर्शाता नजर आता है, स्थापना दिवस पर फैली यह रोशनी हमेशा कायम रहे, जिससे शहर दमकता नजर आता रहे।

फोटो- स्वदेश शर्मा, रतलाम

पत्रिका

होने के कारण।

- जलापूर्ति के लिए कनेरी डेम की उपलब्धता।
- बंजली में हवाई पट्टी।
- दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर स्थित व माललदान के लिए बेहतर रेलसंपर्क।
- करीब 100 किमी दूर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां ड्राय लॉजिस्टिक हब के भी अवसर।

है। इसमें 76 प्रतिशत भूमि शासकीय तथा 24 प्रतिशत निजी क्षेत्र की है। रतलाम से इसकी दूरी महज पांच किमी रहेगी। प्रस्तावित क्षेत्र से एक्सप्रेस-वे एग्जिट पाइंट सात किलोमीटर की दूरी पर ही रहेगा। रामपुरिया, पलसोड़ी, जुलवानिया, बिबड़ौद एवं सरवनीखुर्द ग्राम से जुड़ी भूमि रतलाम-बांसवाड़ा रोड से प्रारंभ होकर बाजना रोड पर बिबड़ौद के समीप तक फैली हुई है। इसमें 18000 करोड़ रुपये का निवेश व 2400 यूनिटों में करीब 24000 लोगों को रोजगार मिलना संभावित है। मप्र औद्योगिक विकास निगम इस योजना पर काम करेगा।



रतलाम नगर निगम चौराहा स्थित महाराजा रतनसिंह प्रतिमा स्थल पर की गई विद्युत सज्जा। (इनसेट महाराजा) ● नईदुनिया

## ट्रैफिक सिस्टम



शहर में सबसे बड़ी समस्या खराब ट्रैफिक की है। वर्ष 2035 के मास्टर प्लान का प्रारूप आ गया है। इसमें भी पुराने शहर में पार्किंग के लिए पूर्व में चिह्नित स्थानों को ही वापस दर्शा दिया है। चौराहों पर हादसे व जाम आम बात है। ट्रैफिक सिग्नल लगाने की योजना पर अमल नहीं हो पाया।

इसका बेहतर असर पड़ेगा।

शामिल किया गया है।

## रिडेंसीफिकेशन योजना


इस योजना में शहर में नगर निगम के सामने की खाली जमीन पर गोल्ड पार्क बनाया जाना है। 1000 सीटों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम के साथ ही 300 बेड के जिला अस्पताल भवन का निर्माण भी होगा।

## मेडिकल कॉलेज



शहर में उपचार की बेहतर व्यवस्था और चिकित्सा शिक्षा के लिए 70 के दशक से उठी मांग वर्ष 2018 में पूरी हो गई, जब संभाग का पहला शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम के बंजली में प्रारंभ हो गया। अब मार्च तक यहां 750 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रारंभ करने की तैयारी है। पैरामेडिकल कोर्स की पढ़ाई भी मेडिकल कॉलेज में कराई जा रही है। इससे नर्सिंग स्टाफ भी उपलब्ध हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज से रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में जिले की नई पहचान बन रही है।

## सिटी फोरलेन



हाईवे से शहर में प्रवेश वाले सभी आंतरिक मार्ग अब नए सिरे से बन गए हैं। सालाखेड़ी से जावरा फाटक तक करीब छह किमी, फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहे तक करीब एक किमी, राम मंदिर से आरो आश्रम तक करीब तीन किमी का हिस्सा फोरलेन बन चुका है। सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट तिराहे तक करीब 900 मीटर का हिस्सा फोरलेन में बदला जा रहा है। इसमें सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहे तक का काम पूरा हो चुका है। इसी तरह दो बत्ती से शहर सराय तक टू-लेन बन चुकी है।



## पर्यटन

शहर को पर्यावरण पार्क की सौगात मिली है। जामण नदी का सौंदर्य पर्यटकों का आकर्षण बन सकता है। कालिका माता मंदिर, रणजीतविलास पैलेस, गढ़कैलाश शिवालय सहित गढ़खंखई माताजी मंदिरों के वैभव को भी पर्यटन के नक्शे पर लाने की आवश्यकता है। गत पांच वर्षों में ईको पर्यटन को लेकर योजनाएं बनी, लेकिन धोलावड़ पर वाटर स्पोर्ट्स से ज्यादा कुछ नहीं हो पाया।

## कनेरी डैम

वर्ष 2007 में कनेरी डैम की प्रस्तावना के बाद लगातार काम अटका। भू-अर्जन और वन विभाग के नियमों में प्रक्रिया में देरी हुई, लेकिन अब कनेरी डैम का काम लगभग पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में बारिश में डैम छलक गया और शहरवासियों की भारी भीड़ वहां उमड़ी। 27.50 मीटर ऊंचाई वाले इस डैम से करीब 506 हेक्टेयर में सिंचाई की जा सकेगी। इस योजना से औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी मिल सकेगा। इससे नई इकाइयों की स्थापना में मदद मिलेगी।





**ट्रांसपोर्ट नगर :** सालाखेड़ी में ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए सीएम शिवराजसिंह चौहान ने भूमिपूजन कर दिया है। ट्रांसपोर्ट नगर बनने के बाद शहर में अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहा ट्रांसपोर्ट व्यवसाय एक स्थान से ही चलेगा। शहर में भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाली परेशानी भी खत्म हो जाएगी।

## रिंग रोड



बंजली से नवलई होकर मांगरोल फंटे तक रिंग रोड निर्माण के लिए बजट स्वीकृत है। पहले हुआ टेंडर निरस्त करने के बाद मार्च तक नया टेंडर हो सकता है। इससे शहर के बाहरी हिस्से में रिंग रोड पूरा हो जाएगा। मंदसौर, बांसवाड़ा, बाजना, झाबुआ, इंदौर से आने वाले वाहन शहर के बाहर से ही निकलने लगेंगे।



## खेल

शहर में खेल प्रतिभाओं की नहीं सुविधाओं की कमी है। नंदलई में 14 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। पोलोग्राउंड में नया पैवेलियन व इन्डोर स्टेडियम निर्माणाधीन है।

### केन्द्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में होगा गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम

# एक लाख परिवारों का एक साथ नए आवासों में गृह-प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निर्मित एक लाख नवीन आवासों में हितग्राहियों को एक साथ गृह–प्रवेश करवाया जायेगा।

मंगलवार 16 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में हितग्राहियों के नवीन आवासों का ऑनलाइन लोकार्पण करेंगे। मिन्टो हॉल भोपाल में प्रातः 11 बजे गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री श्री चौहान आवास हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसौदिया और पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल भी शामिल होंगे। प्रसारण दूरदर्शन मध्यप्रदेश और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर होगा।

# एक लाख परिवारों का एक साथ नए आवासों में गृह-प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निर्मित एक लाख नवीन आवासों में हितग्राहियों को एक साथ गृह-प्रवेश करवाया जायेगा। मंगलवार 16 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में हितग्राहियों के नवीन आवासों का ऑन लाइन लोकार्पण करेंगे। मिन्टो हॉल भोपाल में प्रातः 11 बजे गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री चौहान आवास हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसौदिया और पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल भी शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन मध्य प्रदेश और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर होगा। 44120

शुरू हुआ स्थापना दिवस का आयोजन

# पहले दिन हुई भगवान की महाआरती, आज उत्साह के साथ निकलेगी रैली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. रतलाम शहर का स्थापना महोत्सव मनाने के आयोजन की शुरुआत सोमवार से हो गई। मंगलवार को वसंत पंचमी के दिन शहर की स्थापना तत्कालीन महाराज रतनसिंह राठौ ने की थी। इसके बाद लंबे समय से शहर का स्थापना दिवस मनाया जाता है। तीन दिन के आयोजन के पहले दिन सोमवार शाम को रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे राजमहल पैलेस रोड से वाहन रैली निकलेगी। इसके अलावा अन्य आयोजन होंगे। नगर निगम तिराहे पर महाराजा की प्रतिमा पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति की बैठक में बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या सोमवार को शाम को रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, शरद जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वाहन रैली निकलेगी

मंगलवार सुबह 10 बजे पैलेस रोड से राजमहल परिसर से वाहन रैली भी निकलेगी। रैली पैलेस रोड से डालूमोदी बाजार होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई नगर निगम पहुंचेगी। यहां पर महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। रत्नपुरी स्थापना समिति ने संरक्षक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे महलवाड़ा से वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष एवं गीत के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी व नगर निगम चौराहा पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। महलवाड़ा से रैली शुरू होकर डालूमोदी बाजार, माणक चौक, धान बाजार , चोमुखीपुल , चांदनी चौक, बजाज खाना गणेश देवरी , नगर निगम चोराहा से महाराजा रतनसिंह प्रतिमा पर माल्यर्पण कर महलवाडा पर समापन होगा ।

4/2/17

## कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है, किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रूट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दो बत्ती क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत सुदर्शन पर 200, गणपतराम, देवेन्द्र, गोविन्द, संतोश, विशाल, मंगल व रिंकू पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई। प्रसारण

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पोलोग्राउण्ड क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर वार्ड दरोगा अमर चौहान, ऊंकाला रोड क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर वार्ड दरोगा राकेश लड्डू, महू रोड बस स्टैण्ड क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर विजय भाटी व वसीम का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रूट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नही रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दो बत्ती क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत सुदर्शन पर 200, गणपतराम, देवेन्द्र, गोविन्द, संतोश, विशाल, मंगल व रिंकू पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई। स्वदेश

## दो बत्ती क्षेत्र में 8 फुटकर व्यापारियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रूट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नही रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दो बत्ती क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नही रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत सुदर्शन पर 200, गणपतराम, देवेन्द्र, गोविन्द, संतोश, विशाल, मंगल व रिंकू पर 100-100 रूपये का जुर्माना किया गया।

## कचरा कलेक्शन वाहन तय रूट पर नहीं चलाया, दो ड्राइवर को नोटिस


भास्कर संवाददाता | रतलाम

3 मार्च से होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम सफाई व्यवस्था में लगातार कसावट कर रहा है। सोमवार को कचरा कलेक्शन वाहन तय रूट नहीं चलाने वाले दो ड्राइवर को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नोटिस जारी कर दिया है। इसमें एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने की सूचना दी गई है। कार्रवाई वार्ड 3 व 5 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर रणवीर व राकेश पर की गई है। बता दें कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था की निगरानी जीपीएस सिस्टम से की जा रही है। आयुक्त झारिया ने बताया किसी क्षेत्र में गंदगी मिली तो उसके वार्ड दरोगा और कर्मचारी पर भी कार्रवाई होगी। भास्कर

## आज कल्याण नगर में बकाया वसूली शिविर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जलकर व संपत्तिकर की बकाया वसूली के लिए निगम का वसूली शिविर वार्ड 22 के लिए को कल्याण नगर, वार्ड 18, 19 व 20 के लिए 17 से 18 फरवरी तक दीनदयाल नगर, वार्ड 44 व 23 के लिए 19 व 22 फरवरी को बोहरा बाखल में लगेगा। आयुक्त ने बताया 18 जनवरी से लग रहे यह शिविर 27 मार्च तक निरंतर लगाए जाएंगे। अब तक शिविर में 2662144 रुपए संपत्तिकर व 671025 रुपए जलकर जमा हुआ है। भास्कर






रतलाम का रणजीत विलास पैलेस। ● फाइल फोटो

## धरोहरों को संभालने की जरूरत

रियासत काल में रत्नपुरी के वैभव को दर्शाने वाली प्राचीन धरोहर देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुकी है। स्वामित्व को लेकर स्पष्टता नहीं होने से इन्हें सहेजने में प्रशासन भी काम नहीं कर पा रहा है। महलवाड़ा स्थित रणजीत विलास पैलेस में शासकीय कार्यालय संचालित होते हैं, बड़ा हिस्सा जर्जर हो चुका है। रत्नेश्वर रोड स्थित छतरियों की देखरेख की भी जरूरत है। रतलाम रियासत काल में अंतिम शासक लोकेंद्रसिंह के छोटे भाई रणवीरसिंह की जर्मनी निवासी बेटी लक्ष्मीकुंवर मार्च 2020 में बेटे मार्क बर्जर के साथ आई थी। तब उन्होंने पैलेस के कायाकल्प की इच्छा जताई थी। हालांकि राजवंश संपत्ति को लेकर न्यायालय में लड़ाई चल रही है।



वर्ष 1970 में श्री कालिका माता मंदिर। ● फाइल फोटो

## पचास साल पुराना है कालिका माता मंदिर

रतलाम का श्री कालिका माता मंदिर पर शहर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कालिका माता मंदिर का परिसर छोटा था, जिसे बाद में विस्तार दिया गया। अब यहां नई योजना बनाई जा रही है। चार फरवरी को रतलाम दौरे में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कालिका माता मंदिर प्रांगण के मॉडल का अवलोकन भी किया था।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ 02 दिनांक 16/02/2021

# स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्ति और जनसेवा है : सोलंकी

रतलाम। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा।



उक्त विचार डीआरपी लाईन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने व्यक्त किए। श्री सोलंकी ने कहां कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और श्रीमती बरखा ने भी संबोधित कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

**स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए**- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए गए।

**रांगोली निर्माण भी जारी**-स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इन्दौर

# स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्ति और जनसेवा है-श्री सोंलकी

रतलाम । महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा।

उक्त विचार रविवार को डीआरपी लाईन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त श्री विकास सोंलकी ने व्यक्त किए।



श्री सोंलकी ने कहां कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है।

इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और श्रीमती बरखा ने भी संबोधित कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

## स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए गए।

## रांगोली निर्माण भी जारी

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। देव


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दे. भास्कर – –पृष्ठ 14 दिनांक 16/02/2021

**70 साल में कितना बदल गया रतलाम**

# 1951 में स्टैच्यू से अस्तित्व में आए सज्जनसिंह चौराहे को 2019 में मिला नाम, सिटी फोरलेन योजना में 30 लाख से होगा रोशन

## 1951: जीवाजी राव सिंधिया ने किया था स्टैच्यू का लोकार्पण

**रतलाम |** दो बत्ती चौराहे से आगे वाले चौराहा पर महाराजा सज्जन सिंह के स्टैच्यू का लोकार्पण 70 साल पहले 24 दिसंबर 1951 को जीवाजी राव सिंधिया ने किया था। उस समय इसके चारों तरफ मैदान था। सिर्फ स्टेशन रोड पर कच्चे-पक्के पतरे वाले मकान व दुकानें थीं। स्टेडियम मार्केट था, न कोठारी मार्केट, आसपास शिवपुर हाउस, अंकलेसरिया बिल्डिंग सहित गिनती के मकान दिखते थे। स्टैच्यू की बात करें तो इसमें घोड़े पर सवार प्रतिमा 54 साल (1893 से 1947) तक रतलाम राज्य की कमान संभालने वाले महाराजा सज्जन सिंह की है।



## 2021: सिटी फोरलेन योजना में नए सिरे से होगा सौंदर्यीकरण

**रतलाम |** चौराहे के आसपास मैदान की बजाए सघन आबादी और बाजार बस गया है। स्टैच्यू का वैभव लौटाने का प्रयास शुरू हो गया है। पहले यह काला घोड़ा सहित अन्य नामों से जाना जाता था। 2019 में निगम ने अधिकृत रूप से चौराहे का नामकरण महाराजा सज्जन सिंह चौराहा करके इसकी पहचान दिलाई। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में चौराहा का सौंदर्यीकरण का प्लान है। इस पर 25 से 30 लाख रु. खर्च होंगे। डेढ़ दशक पहले सौंदर्यीकरण के नाम पर स्टैच्यू के आसपास लगी लोहे की जाली को हटा दिया था, इसके बाद जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।



# रतलाम स्थापना दिवस पर परिचर्चा आयोजित

रतलाम ● रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई है। संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि विधायक चेतन्य काश्यप प्रमुख वक्ता होंगे। अध्यक्षता एसएल चपलोत करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी तथा मुरलीधर चांदनीवाला भी इस अवसर पर संबोधित करेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश----पृष्ठ 10....दिनांक 16/02/...2021

# रतलाम स्थापना दिवस पर उत्सव समिति द्वारा निकाली जाएगी वाहन रैली

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

रतलाम की स्थापना बसंत पंचमी के पावन दिन पर हुई थी। रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति प्रतिवर्ष जय रतलाम वाहन रैली का आयोजन कर हमारे नगर का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से नगरवासियों के साथ मनाती आ रही है। जिस प्रकार हम अपना व परिवार के सदस्य, मित्र का जन्मदिन मनाते हैं, हम उसी उत्साह व उमंग के साथ अपनी मातृभूमि, अपने रतलाम नगर का जन्मदिन, बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ मनाकर इस पावन माटी का वैभव बढ़ाए।

रत्नपुरी स्थापना समिति संरक्षक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे महलवाड़ा से वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष एवं गीत के साथ निकाली जाएगी। रैली डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घासबाजार, चोमुखीपुल, चांदनी चौक, बजाज खाना गणेश देवरी, रानीजी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टॉकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड से जीपीओ बाल चिकित्सालय से लोकेन्द्र टाकीज, शहर सराय, अंडागली से कॉलेज रोड होते हुए नगर निगम चौराहा पहुंचेगी, जहां स्थित महाराजा रतनसिंहजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन होगा।

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के महेन्द्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, प्रदीप उपाध्याय, महेन्द्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेन्द्र राठौर, सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, मनीष शर्मा, यतेन्द्र भारद्वाज, शुभम चौहान, प्रभु नेका, दिलीप गांधी राजेन्द्र मौर्य, राजेश मुणत, राकेश पिपाड़ा, मधु शिरोडकर, धर्मेन्द्र अग्रवाल, संजय आंचलिया, पकंज ओझा, प्रभात सुराना, तपन शर्मा, रामबाबू शर्मा, कमल जैन, किशोर बिजरावत, गोपाल सोनी, महेश सोलंकी, कन्हैयालाल डगवाल, संदीप यादव, डॉ. ईश्वर बोराना, महेन्द्र भरकुंदिया, गोपाल परमार, नीरज परमार, सुदीप पटेल, विनोद राठौर, राजेश पवन शर्मा, राजेश पांडे, राजेश कटारीया, इरशाद मंसूरी, ईश्वर पांचाल, अरुण चौरड़िया, निर्मल मालवीय, आशीष डागा, गोपाल राठी, नवदीप शर्मा, विजय पासा, तोलीराम शर्मा, नरेन्द्र कावड़िया, कमलेश टॉक, देवेन्द्र टटावत, मनीष वैद, राजेश पांचाल, मेहरबानसिंग, सुंदर वर्मा, अनु चनाल, मनोज यादव, महेश माहेश्वरी, श्रेणीक जैन, कनीष्क कुमावत, रंजीत राठौर, अशोक चौहान, आशुतोष चौहान, चेतन पावेचा, शैलेन्द्र चौहान आदि ने नगरवासियों, सामाजिक संस्थाओं, खेल संगठन एवं परिवारजनों के साथ स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी गौरवमयी उपस्थिति प्रदान कर रतलाम के जन्मोत्सव को प्रभावी एवं जीवंत बनाए। स्वदेश



# रतलाम को विकसित नगर के रूप में पहचान दिलाने में कोई कमी नहीं रहेगी : काश्यप

**रतलाम।** नगर के विकास में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र को उद्योग के लिए स्वीकृत कराने व पांच साल के रोडमेप की कई योजना स्वीकृत कराकर नगर को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के उपलक्ष्य में नगर विधायक चेतन्य काश्यप का स्टेशन रोड व्यापारी संघ द्वारा साफा बांधकर कर शाल, श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया।अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में विधायक श्री काश्यप ने कहा यह सम्मान मेरा नहीं मेरे दायित्व का है। नगर से पांच किलोमीटर दूर यह 1800 हेक्टेयर का क्षेत्रफल भूगोलिक दृष्टि से संपूर्ण रतलाम नगर के क्षेत्रफल से भी ज्यादा बड़ा क्षेत्रफल है। मुख्यमंत्री जी से मिली स्वीकृती से यहां अठारह सौ करोड़ रूपये की लागत से विशाल उद्योगीक क्षेत्र बनेगा और इसमें अठारह हजार करोड़ रूपये लागत का निवेश संभावित है। मैं आने वाले समय में रोडमेप तैयार कर नगर के विकास में चार चांद लगाने और रतलाम को विकसीत नगर के नाम से पहचान दिलाने में कोई कमी नही रहने दुंगा। नगर के विकास के लिए कभी कोई कमी नही होगी।

इस अवसर पर संघ के अमित जायसवाल, मनोहर पोरवाल, राजेन्द्रसिंह गोयल, राधावल्लभ खण्डेलवाल, सुरेश पापटवाल, रमेश चोईथानी, जय शर्मा, विपिन खिलोसिया, राजेन्द्र पोरवाल, कपिल शर्मा, विपिन पोरवाल, गोवर्धन सलूजा, नासीर कुरेशी, हरिश छजलानी, राकेश कुमावत, पारस जैन, भूरा दादभाई, गोपाल खण्डेलवाल, उमेश जसवानी, संजय फूलवानी, रमेश जसुजा, विजय परिहार सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– बड़ेदुनीया –पृष्ठ 17 दिनांक 16/02/2021

# विशेष निवेश क्षेत्र में बसेगा नया शहर, सभी सुविधाएं मिलेंगी

रतलाम। शहर से पांच किमी दूर आठ लेन एक्सप्रेस–वे के समीप बिबड़ौद-जुलवानिया क्षेत्र में विशेष निवेश क्षेत्र और मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन बनाए जाने की तैयारी हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने चार फरवरी को ही इसकी घोषणा की है। खास बात यह है कि एक्सप्रेस–वे का 244.17 किमी का हिस्सा प्रदेश से गुजरेगा, लेकिन विशेष निवेश क्षेत्र के अवसर को रतलाम ने लपक लिया है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मई 2020 में एक्सप्रेस–वे के आसपास निवेश क्षेत्र को लेकर राज्य सरकार सहित उद्योगपतियों को भी अवसर तलाशने के लिए कहा था। इसके बाद शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को 26 अगस्त को पत्र लिखकर रतलाम के समीप एक्सप्रेस–वे के आसपास विशेष निवेश क्षेत्र विकसित करने का आग्रह किया था।


तिरंगा
अगरबत्ती
प्रस्तुति
माँ सरस्वती की वंदना
पढ़ें आज के सप्तरंग में


### इन विशेषताओं से रतलाम का चयन

- एक्सप्रेस–वे के समीप गुजरात, राजस्थान से जुड़ा

### 10.55 वर्ग किलोमीटर में रहेगा फैलाव

नया निवेश क्षेत्र 10.55 वर्ग किमी क्षेत्र की 2606 एकड़ जमीन पर विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाना प्रस्तावित



### मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन से मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

**टेक्सटाइल रीजन व विशेष निवेश क्षेत्र**

| | |
|---|---|
| क्षेत्रफल | 1799 हेक्टेयर |
| निजी भूमि | 256.79 हेक्टेयर |
| शासकीय भूमि | 1542.40 हेक्टेयर |
| निजी भूमि का मुआवजा | 49.66 करोड़ रुपये |
| डेवलपमेंट लागत | 1800 करोड़ रुपये |

**इस तरह विकसित होगा पूरा निवेश क्षेत्र**

| | |
|---|---|
| कुल विकसित क्षेत्र | 1169.48 हेक्टेयर |
| औद्योगिक यूनिट लगेंगी | 1052 हेक्टेयर |
| आवासीय उपयोग | 58.47 हेक्टेयर |
| सार्वजनिक उपयोग | 11.69 हेक्टेयर |

### सीवरेज

116 करोड़ रुपये की योजना में शहर में भूमिगत सीवरेज लाइन डालने का काम अंतिम दौर में है। पटरी पार वाले क्षेत्र में हाउस कनेक्शन देने का काम भी प्रारंभ हो गया है। खेतलपुर व करमदी में एसटीपी बन चुका है। इस योजना से शहर में स्वच्छता का स्तर बढ़ेगा। नालियों में गंदगी, सड़कों पर गंदा पानी बहने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शहरवासियों के स्वास्थ्य पर

### नमकीन क्लस्टर

सेंव के स्वाद के लिए बनी शहर की पहचान को निखारने के लिए रतलामी नमकीन व्यापार को नई दिशा देने की आवश्यकता थी। नमकीन क्लस्टर के प्रारंभ होने के बाद व्यापारियों, नमकीन निर्माताओं को सर्वसुविधायुक्त स्थल मिला है। 124 यूनिट यहां लगाई जा सकती है। बड़े ब्रांड भी इसमें रुचि दिखा रहे है। एक जिला एक पहचान योजना में भी रतलाम से सेंव–नमकीन को

# निकाय चुनाव : मतदाता सूची पर 688 आपत्ति, 529 नाम जोड़ने, 153 नाम काटने के लिए

## निराकरण 20 फरवरी तक होगा, 3 मार्च को फाइनल सूची जारी होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए बनाई गई प्रारंभिक मतदाता सूची पर सात दिन में 688 आपत्तियां आई हैं। 529 नाम जोड़ने, 153 नाम काटने के लिए, जबकि 6 संशोधन कराने के आवेदन मिले हैं। इसमें भी 350 आवेदन पुरुष और 338 महिलाओं ने लगाए हैं। अब स्थानीय निर्वाचन 20 फरवरी तक सभी का निराकरण कर नई सूची तैयार करेगा। 27 फरवरी को पोर्टल पर चढ़ने के बाद 3 मार्च को सूची का अंतिम सूची जारी हो जाएगी। निर्वाचन विभाग ने दावे-आपत्तियां लगाने के लिए सोमवार दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया था। अंतिम दिन ही सर्वाधिक 339 आपत्ति आई। इसके पहले 13 फरवरी को 141 आई थी।

### सूची में गड़बड़ी की 80 शिकायतें भी

दावे-आपत्तियों के अलावा नागरिकों और बूथ एजेंट के माध्यम 80 शिकायतें सूची में गड़बड़ी को लेकर भी मिली हैं। इसमें मतदाताओं के नाम एक से दूसरे वार्ड में शिफ्ट हो जाए, वार्ड क्षेत्र से बाहर के मतदाताओं को जोड़ने सहित अन्य शिकायतें हैं। इन्हें दूर करने के लिए स्थानीय निर्वाचन ने अलग से टीम बना दी है।

### किसके लिए कितने आवेदन

| वर्ग | पुरुष | महिला | योग |
|---|---|---|---|
| नाम जोड़ना | 262 | 267 | 529 |
| नाम काटना | 83 | 70 | 153 |
| संशोधन | 05 | 01 | 06 |
| योग | 350 | 338 | 688 |

*करीब 39 वार्डों की मतदाता सूची को लेकर आपत्तियां लगाई हैं। इसके अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भी मतदाताओं से नाम जोड़ने और कटाने को लेकर दावे-आपत्तियां लगवाई हैं। सूची में सुधार बहुत जरूरी है।*

**दिनेश शर्मा**, स्थानीय निर्वाचन प्रभारी भाजपा

*इतनी बड़ी सूची के लिए समय बहुत कम मिला। बावजूद इसके कार्यकर्ताओं के माध्यम से आवेदन लगाए हैं। सूची बनाने में बहुत गड़बड़ी की गई है।*

**यास्मीन शेरानी**, पूर्व नेता प्रतिपक्ष

भास्कर

# निगम मंडलों की संपत्ति बेचकर पांच हजार करोड़ रुपए जुटाएगी सरकार

**भोपाल** | राज्य सरकार निगम मंडलों की परिसंपत्तियों को बेचकर राजस्व जुटाएगी। इसी के तहत राज्य सड़क परिवहन निगम की परिसंपत्तियों को बेचने जा रही है। इसी के तहत गुना जिले के बीनागंज बुकिंग आफिस को बेचे जाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा। निगम की मप्र से बाहर नागपुर और झांसी में संपत्तियां है। इन डिपो से वर्तमान में सड़क परिवहन निगम की बसों का संचालन नहीं हो रहा है। इसी के तहत इन नागपुर में करीब 1500 करोड़ रुपए की जमीन मप्र सरकार की है। इसी तरह झांसी में करीब 3 एकड़ जमीन है जिसकी कीमत 57 करोड़ रुपए होने का आकलन किया गया है। राज्य सरकार को परिसंपत्ति बेचे जाने से 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा मिलने की संभावना है।


# 370 साल का हुआ रतलाम

## उम्मीदों को मिला नया आयाम

### सेंव, सोना, साड़ी के बाद शिक्षा, सेवा और उद्योगों के लिए भी खुले दरवाजे

हमारा शहर वसंत पंचमी पर स्थापना के 370 वर्ष पूरे कर चुका है। जालौर के राठौर राजवंश के रतनसिंह द्वारा स्थापित रतलाम मंगलवार को 371वां स्थापना दिवस मनाएगा। यह स्थापना दिवस कई मायनों में अहम है। रियासत काल की रत्नपुरी से रतलाम तक के सफर में कई उतार-चढ़ाव आए। मालवा का प्रमुख व्यापारिक केंद्र रहा रतलाम बुनियादी सुविधाएं मिलने के बाद विकास की नई छलांग लगाने के लिए तैयार है।

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** भौगोलिक परिस्थिति, बेहतर रेल व सड़क की सुविधा सहित गौरवशाली इतिहास समेटे हुए रतलामी संस्कृति ने शहर की अलग पहचान स्थापित की है। सेंव, सोना और साड़ी की परंपरागत पहचान से आगे बढ़ते हुए शहरवासी अन्य व्यापार-उद्योग में अपनी जगह बना रहे हैं। शिक्षा, सेवा और उद्योगों के लिए भी नए इंतजामों से विकास का सपना साकार होने लगा है। एक आदर्श शहर की सोच में सिटी फोरलेन, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, नियमित जलप्रदाय की बेहतर सुविधा मिलने के बाद अब रोजगार के साधनों व आत्मनिर्भरता की राह पर शहर चल पड़ा है। ऐसे में शहर की बसाहट, आंतरिक परिवहन, बाजार को भी बदलाव की जरूरत है। नई सौगातें मिलने का दौर जारी है। इसमें जरूरी होगा कि महानगर की सोच से ही जनप्रतिनिधि, शहरवासी और प्रशासनिक अमला आगे की रूपरेखा में अपने हिस्से की भूमिका निभाएं।



ड्रोन कैमरे से लिया गया रतलाम का विहंगम दृश्य। ● फाइल फोटो

| शहर पर एक नजर | स्थापना | 5 फरवरी, शनिवार 1650 | रणजीत विला |
|---|---|---|---|

**तीन दिनी आयोजन** • 'मेरा रतलाम प्रगति के पथ' पर विषय पर संगोष्ठी

# श्री रत्नेश्वर महादेव की आरती से रतलाम स्थापना उत्सव प्रारंभ

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

रतलाम स्थापना दिवस महोत्सव का शुभारंभ सोमवार शाम को रत्नेश्वर रोड स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव की महाआरती कर किया गया। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिन कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी मंगलवार सुबह 10.30 बजे महाराजा रतन सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा।

रतलाम के 369वां स्थापना दिवस को लेकर सोमवार शाम को श्री रत्नेश्वर महादेव की महाआरती कर प्रसादी बांटी गई। इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, सुनील माली, अशोक यादव, राजेश माहेश्वरी, समिति के पदाधिकारी, सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**संगोष्ठी कल होगी** : 17 फरवरी को सागोद रोड स्थित जेएमडी पैलेस में मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर विषय पर संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विधायक चेतन्य काश्यप होंगे। अन्य वक्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, शिक्षाविद मुरलीधर चांदनीवाला रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोद करेंगे।

भास्कर



श्री रत्नेश्वर महादेव भगवान की आरती करते हुए भक्तजन।

## रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति निकालेगी वाहन रैली

रत्नपुरी स्थापना समिति द्वारा मंगलवार सुबह 10 बजे महलवाड़ा से वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष व गीत के साथ निकलेगी। समिति के संरक्षक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठरी ने बताया कि रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर निगम चौराहे पर पहुंचेगी। जहां स्थापित महाराजा रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। रैली महलवाड़ा से डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घास बाजार, चोमुखीपुल, चांदनी चौक, बजाज खाना, गणेश देवरी, रानी जी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टॉकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड से जीपीओ बाल चिकित्सालय से लोकेंद्र टॉकीज, शहर सराय, अण्डा गली से कॉलेज रोड नगर निगम चौराहा पहुंचेगी।

# स्वास्थ्य कर्मियों के दूसरे डोज की बारी... 22 को लगेगा टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन चल रहा है। अब स्वास्थ्य कर्मचारियों को दूसरा डोज लगाने की बारी आ चुकी है। कर्मचारियों को दूसरी बार वैक्सीन 22 को लगाई जाएगी। इससे पहले बचे हुए कर्मचारियों को टीकाकरण करने का मौका मिलेगा।

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत 16 जनवरी से हुई थी। वैक्सीन के दो डोज लगाए जाने है, इसमें पहले डोज के 28 दिन बाद दूसरा डोज लगना है। 28 दिन हो चुके हैं हालांकि, अब 22 फरवरी को कर्मचारियों को दूसरा डोज लगाया जाएगा। अभी फ्रंटलाइन वर्करों का टीकाकरण हो रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील ने बताया पहले मॉपअप राउंड में बचे हुए सभी कर्मचारियों का टीकाकरण करने की तैयारी है। इसके लिए 17 फरवरी को मॉपअप राउंड होगा। इसमें फ्रंट लाइन वर्कर टीका लगवा सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी टीकाकरण से बचे है, ऐसे कर्मचारियों को भी टीका लगवाने के लिए मौका दिया जाएगा। उनका मॉपअप राउंड 20 को हो सकता है।

## 150 लोगों ने लगवाए टीके

सोमवार को फ्रंटलाइन वर्करों को टीके लगाए गए। 454 लोगों को टीके लगने थे, लेकिन 150 लोग ही केंद्रों पर पहुंचे।

**6800 को-वैक्सीन, 8,800 कोविशील्ड वैक्सीन पहुंची :** जिले में को-वैक्सीन के 6800 डोज आ चुके हैं। वहीं 8,800 डोज कोविशिल्ड वैक्सीन के आए हैं। टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील ने बताया कर्मचारियों को लगाने के लिए अभी पर्याप्त डोज मौजूद हैं। कमी नहीं आएगी।

भास्कर

# निगम आयुक्त श्री झारिया व निगम अधिकारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम । फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया।

इसके अलावा उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेष पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।

प्रदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–परवादर्पण –पृष्ठ ...11... दिनांक ...16/02/2021

# बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन होगा

रतलाम । रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक 11 फरवरी को समिति के संस्थापक व समिति संयोजक श्री मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस मनाने पर सर्वानुमति से विचार-विमर्श किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी, सचिव श्री मंगल लोढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत बसंत पंचमी की पूर्व संध्या 15 फरवरी सोमवार को सांय 07:00 बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण कर रतलाम स्थापना का शुभारंभ किया जाएगा।

इसी तरह 16 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे नगर निगम तिराहे पर रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जायेगा व आतिशबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा।


17 फरवरी बुधवार को दोपहर 03:00 बजे जेएमडी पैलेस पर संगोष्ठी ( परिचर्चा ) विषय - मेरा रतलाम ( प्रगति के पथ पर ) का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप होंगे, वक्ता के रूप में रतलाम के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद जी जोशी व वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री मुरलीधर चाँदनीवाला, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टेड अकाउन्टेंट श्री एस.एल. चपलोद करेंगे।

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने रतलाम नगर के राजनैतिक, सामाजिक एवं नागरिकों से अपील की है कि अपने शहर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

आयोजित बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, सुनील माली, अशोक यादव, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, पंडित राजू हॉकी, रामचन्द्र डोई, ईश्वर रजवाडिया, महेन्द मूणत, स्नेहिल उपाध्याय, ठाकुर सुरेशचन्द्र चावड़ा, लक्ष्मीनाराण गेहलोत, हितेश सोलंकी, विनोद राठौर, सुनील रांका, मुरलीधर गुर्जर, विक्रम गुर्जर गड्डू, जोन्टी गुर्जर, श्याम सोनी, प्रकाश धभाई, तेजपाल रेड्डा, असीम व्यास, राकेश परमार, मुकेश व्यास लालू, नागूसिंह, मुकेश पंड्या, नवीन बैरागी, सत्यनाराण भाटी, कमलसिंह चौहान, प्रकाश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

परवा

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका––––पृष्ठ 12 दिनांक 16/02/2021



## शहर की धरोहर....

आज रतलाम का स्थापना दिवस है और स्थानीय महलवाड़ा इसकी पहचान। इस ऐतिहासिक धरोहर के साथ रतलाम का हर खास और आम जुड़ा हुआ है। हालांकि समय के साथ अब इसका स्वरूप बदल गया है, लेकिन आज भी इस धरोहर की दीवार और परिसर पूर्व के समय की यादों को ताजा करती हैं। आवश्यकता है इस पहचान को बनाए रखें....

पत्रिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–फरखादर्पण–पृष्ठ .03...दिनांक..16/02/...2021

# स्वच्छता अपनाओं, नगर को महानगर बनाओं

रतलाम । स्वच्छ, सुंदर शहर यह महज स्लोगन नहीं बल्कि यह प्रगतिशील जीवन शैली की पहचान है। यह हर किसी के आचार-व्यवहार में शामिल होना चाहिए। परिवेश भी आवरण की तरह है। व्यक्ति सुंदर हो पर उसके आवरण गंदे हो तो वह कुरुप ही दिखेगा। शहर को हरा-भरा, साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाना हर शहर वासी का कर्तव्य है।

उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त श्री निशिकांत शुक्ला ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व स्कूल प्राचार्य अंजली श्रीवास्तव , स्कूल स्टाफ व सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्रीशुक्ला ने कहा कि आओं हम सब मिलकर रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कदम बढ़ाए। मेरा शहर मेरी शान, स्वच्छता से हो इसकी पहचान, हमे इस प्रकार की धारणा के साथ एकजुट होकर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में हमारे शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-बनाना है। रतलाम नगर को अगर महानगर की श्रेणी में खड़ा करना है तो हर किसी को स्वच्छता पर ध्यान देना होगा।

स्पर्धाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, मेंहदी, रांगोली, क्विज, चेयर रेस सहित आधा दर्जन स्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उपायुक्त श्री शुक्ला ने स्वच्छता से जुड़ी रांगोली,चित्रकला, मेंहदी निर्माण का अवलोकन करते हुए छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हे पुरुस्कृत भी किया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के कचरा मुक्त स्थल, सार्वजनिक स्थलो, स्कूल, कालेजों आदि स्थानों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान गुरुवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

यहां लिए गए संकल्प - शौचालय का प्रयोग करने के लिए लोगों में जागरूकता फैलायें, अपने आस-पास रखे कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को बतायें, कॉर्टून और चित्रों के जरिये लोगों को स्वच्छता के सही मायने समझायें, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास करेंगे, गंदगी नहीं फैलाएंगे और ऐसा करने वालों को विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करेंगे, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी अभियान चलाएंगे, पान, गुटका और तम्बाकू जैसे उत्पादों का सेवन करने वालों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे, सरकारी,गैरसरकारी संस्थानों, स्कूलो, सार्वजनिक इलाकों, मौहल्लों, कालोनियों, बागीचों और घरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लोगों को शिक्षित बनाएंगे, स्वच्छता के लिए नालियों की गंदगी, नालो,तालाबों के आस-पास जमे कूड़े-करकट, सडकों की सफ़ाई करेंगे। 42291/45401

स्थापना के 365 वर्ष पूर्ण होने पर इतिहास से जुड़ी उल्लेखनीय स्मृतियां

# रियासत काल में भी सेंट्रल इंडिया का महत्वपूर्ण व्यापार केंद्र था रतलाम

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम


रतलाम की स्थापना के 365 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। रत्नपुरी के नाम से जाने वाले शहर का शानदार एवं स्वर्णिम इतिहास रहा है। सोने, तंबाकु व्यापार, कला, संस्कृति में रतलाम का नाम रियासत काल से ही देश भर में जाना जाता रहा है।

प्रसिद्ध लेखक, इतिहासविद एवं रतलाम रियासत काल पर विस्तृत लेखन करने वाले ललित भाटी (इंदौर) बताते हैं तत्कालीन रतलाम राज्य का अफीम, तम्बाकू तथा नमक के व्यापार में प्रमुख स्थान था।

यहां समीपवर्ती रियासतों से वस्तुओं की आवा-जाही होती रहती थी। 1878 के पहले तक, रतलाम राज्य की गिनती सेंट्रल इंडिया के म हत्वपूर्ण व्यापार केंद्रों में होती थी। रतलाम राज्य में सबसे पहले कपड़ा उद्योग को डालने की अनुमति 20 मार्च, 1884 को मुंबई के व्यापारी केशवदास माधवदास एवं गंगादास अमरजी ने मांगी थी।

राजा ने अनुमति प्रदान कर दी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से कपड़ा उद्योग की स्थापना नहीं हो सकी।

## रतलाम स्थापना दिवस पर विशेष



## तोपखाना एवं मिशन हॉस्पिटल की स्थापना

रतलाम राज्य में राजकीय तथा मुख्य डाक लाने ले जाने का काम अश्व सेना सवार करते थे। 1906 तक डाक के साथ, राजा के अंगरक्षक का काम भी यही सवार करते थे। जिस समय राजा रणजीत सिंह की उम्र 18 वर्ष थी, उस समय राजमहल में प्रति सप्ताह एक विशेष सभा का आयोजन होता था। इसमें तात्कालिक विषयों पर चर्चा और बहस हुआ करती थी। इन सभाओं में राजा भी सहभागिता करते थे। शहर के तोपखाना में सेना की तोपें रखी जाती थी, इसलिए ही रतलाम स्थित तोपखाने का नाम, तोपखाना चौराहा पड़ा। नगर के सैलाना बस स्टैंड पर मौजूद वर्तमान का क्रिश्चियन हॉस्पिटल, जिसे पहले मिशन अस्पताल कहा जाता था, इसकी स्थापना 1903 में हुई थी।

## जब राजा रणजीतसिंह को हुआ सीने में दर्द

एक समय राजा रणजीत सिंह को फेफड़े का दर्द शुरू हुआ। तत्काल तार देकर मुंबई से डॉ सिडनी स्मिथ को बुलवाया गया। धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार होने लगा, किंतु एकाएक 28 जनवरी, 1893 को उनका स्वर्गवास हो गया। शाही श्मशान शिवबाग में उनकी दाहक्रिया की गई। 13 दिनों तक राज्य में शोक रहा। कार्यालय, कचहरी, बाजार और हाट सभी बंद रहे। देश के विश्वविख्यात क्रिकेट खिलाड़ी रहे, प्रिंस रणजीत सिंह, जिनके नाम पर आज तक रणजी ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा आयोजित होती है, 1897 में रतलाम आए थे, तब राजा सज्जनसिंह के मेहमान हुए थे। राजा सज्जनसिंह जग प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी थे। उनके पास इस खेल के लिए 12 शानदार घोड़े थे। घोड़ों के अस्तबल के निरीक्षक मेहबूबशा तथा वेटनरी सर्जन डॉ रघुनंदन सिंह थे।

## जब पृथ्वीराज कपूर ने रतलाम में किया था नाट्य मंचन

एक समय पृथ्वी थिएटर मुंबई के छायाकार भी रहे, रतलाम निवासी प्रख्यात प्रेस फोटोग्राफर माय डिअर यानी गजानन शर्मा ने एक साक्षात्कार में बताया था कि, पृथ्वी थिएटर की 90 सदस्यों की एक यूनिट स्थानीय राजपूत बोर्डिंग में रुकी थी। तब इस नाट्य मंडली ने पृथ्वीराज कपूर के निर्देशन में 7 दिनों तक लोकेंद्र टॉकिज के स्टेज पर प्रतिदिन एक नाटक का मंचन किया था। प्रस्तुत किए गए नाटकों का क्रम था दीवार, पठान, कलाकार, आहुति, गद्दार, पैसा, किसान। नाटक किसान को अंतिम रूप रतलाम में ही दिया गया था।

## राजा शहर में होते तो राजमहल में लगा रहता झंडा

राजमहल के शीर्ष भाग पर एक झंडा लगा रहता था। रात होने से पहले इस झंडे को उतार लिया जाता था। फि र झंडे की जगह एक बिजली का बल्व चमकता रहता था। सुबह होने पर फि र से झंडा फहरा दिया जाता था। झंडा चढ़ाते और उतारते समय एक सैनिक बिगुल बजाता था। जब राजा रतलाम से बाहर होते, तो झंडा नहीं लगाया जाता था और न ही बल्व जलता था। उल्लेखनीय है कि जब राज परिवार में या राजा के किसी रिश्तेदार या अंग्रेज शासक के परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती, तो झंडा आधा ही फहराया जाता था।

68/21

प्रामाणिक संदर्भ स्त्रोत - रतलाम रियासत के पुराने दस्तावेज ।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस --पृष्ठ 01 ....दिनांक 16/02/ ....2021




# स्वच्छता के लिए हर संडे होगा खास, लोगों को जागरुक करेगा निगम

## डीआरपी लाइन में स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम आयोजित

रतलाम। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा। उक्त विचार रविवार को डीआरपी लाईन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोंलकी ने व्यक्त किए।

श्री सोंलकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है। 217